BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, बुधवार, 24 अप्रैल, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें।

# हनुमान जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा

**हैदराबाद, 23 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भगवान हनुमान के जन्म के शुभ अवसर हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में मंगलवार को हैदराबाद और सिकंदराबाद के विभिन्न हिस्सों में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। पहली और मुख्य शोभा यात्रा आज सुबह गौलीगुडा में भगवान राम के मंदिर से शुरू हुई। यात्रा 12 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए और कई मुख्य सड़कों से गुजरते हुए देर शाम सिकंदराबाद के ताड़बुंद में प्रसिद्ध श्री वीरंजनेय स्वामी मंदिर में समाप्त हुई।हैदराबाद और सिकंदराबाद के विभिन्न क्षेत्रों में राम और हनुमान मंदिरों से निकलने वाली कई शोभा यात्राओं का अपने मार्ग पर आगे जाकर प्राथमिक शोभा यात्रा के साथ विलय हो गया। बजरंग दल और विहिप के सदस्यों सहित हजारों श्रद्धालुओं ने भगवा रंग की टोपियां पहनकर और भगवान हनुमान की छवियों वाले झंडे लेकर यात्रा में सक्रिय रूप से भाग लिया। समारोह का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने और शांति-व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस ने अभूतपूर्व सुरक्षा उपाय लागू किए। हनुमान जयंती से जुड़ी शोभा यात्राओं के मद्देनजर कई सड़कों पर यातायात प्रतिबंध भी लागू रहा।










हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर मंगलवार को श्री हनुमान मंदिर शक्कर गंज, परदीवाड़ा में विशेष पूजा की गई। इस अवसर पर मंदिर प्रतिनिधि ए.सतीश, एसपी क्रांति कुमार, महेश, दुर्गा प्रसाद, अरुण, साईनाथ, मनीष, ईशथ सूरी, आनंद व स्थानीय श्रद्धालु व अन्य उपस्थित रहे।

# हनुमान जन्मोत्सव पर छाछ और गन्ने का रस वितरित

**हैदराबाद, 23 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज मलकपेट शाखा युवा मोर्चा द्वारा हनुमान जनमोत्सव के उपलक्ष्य मे मलकपेट हनुमान मंदिर के पास स्वागत मंच स्थापित कर छाछ, शीतल जल, चिप्स व गन्ने का रस का वितरण किया गया। इस अवसर पर बजरंग दल द्वारा करमंघाट हनुमान मंदिर से विजय शोभायात्रा निकाली गई उसका स्वागत किया गया। अवसर पर मलकपेट शाखा अध्यक्ष पंकज संघी, उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य सुरेश गोयल, नितिन अग्रवाल, हरिश्चंद्र बजाज, कोत्तापेट शाखा अध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल युवा मोर्चा के नितेश अग्रवाल, पियूष अग्रवाल, हर्ष बंसल, मोहित अग्रवाल, करण गोयल, जितेंद्र गोयल, ध्रुव अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, मनिष सिंघल, धर्वेश गोयल, किशन जैन, सुशील अग्रवाल, विशेष सिंघानिया, अंकित माधोगडिया, रोहित अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, कुनाल अग्रवाल, कार्तिक अग्रवाल व हर्षित सुरेका उपस्थित थे।






वल्लभ यूथ ऑर्गनाइजेशन द्वारा भोलकपुर के पास स्थापित शीतल पेय पंडाल पर उपस्थित समाजसेवी जसमत पटेल, साथ में डेनीश पटेल, प्रज्ञेश दोशी, सचिन, विनोद पटेल, जैमिन पटेल, नीतिन, कौशीक, सावन, विजय, रश्मिकांत, भरत पटेल एवं अन्य।



शमशाबाद स्थित बालानगर में हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर भगवान हनुमान का जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित मंदिर प्रमुख रवि शर्मा, संजय भाई, घनश्याम पटवारी, सिखू भाई, श्याम शर्मा एवं मनोज आदि।



हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में केसरी हनुमान मंदिर कारवान में हनुमानजी का दरबार सजाया गया। इस अवसर पर पूजा-अर्चना में भाग लेते हुए संदीप पुजारी, अरुणा डाकोतिया, शैलेन्द्र तुलस्यान, राम अग्रवाल एवं अन्य।



श्री भूलक्ष्मी देवी नि:शुल्क ग्रीष्म बाल संस्कार शिविर का शुभारंभ मंगलवार को हनुमान जयंती के अवसर पर चूड़ी बाजार स्थित एचएनराव स्कूल में हुआ। शिविर के संचालक आजाद थे आजाद रहेंगे वेलफेयर एसोसिएशन है। अवसर पर उपस्थित शिविर के विद्यार्थी, संचालक सदस्य राजेश तोषनीवाल, आजाद नितेश येलादुरी, अनुराग शर्मा, रितेश चिंचोली एवं अन्य।

# मारवाड़ी युवा मंच शमशाबाद शाखा ने किया छाछ वितरण



**हैदराबाद, 23 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मारवाड़ी युवा मंच शमशाबाद शाखा के मीडिया प्रभारी पारस सोलंकी ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर हनुमान भक्तों द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें मारवाड़ी युवा मंच शमशाबाद शाखा द्वारा बंधन बैंक के पास छाछ का वितरण किया गया। इस अवसर पर युवा मंच के पूर्व अध्यक्ष प्रेमराज सांखला, वरिष्ठ सदस्य रामअवतार शर्मा, कोषाध्यक्ष प्रकाश परिहार, अमृत धारा संयोजक भरत कुमावत, युवा पंकज सोलंकी, पारस सोलंकी शिनु भाई, बुच्या, मदन कच्छावा, चंपालाल, खिंवराज सोलंकी, प्रवीण आदि उपस्थित रहे।



काचीगुड़ा स्थित काशीराम झेरा में अयोजित श्री हनुमान जन्मोत्सव पर दर्शन लाभ लेते हुए समाजसेवी शंकर लाल बंग, प्रबोध कुमार राठी, उश बंग एवं पुजारी महंत महेंद्र दास महाराज।



यूनियन बैंक की आरपी रोड शाखा (पैराडाईस) द्वारा मंगलवार को गर्मी से राहत के लिए आम जनता एवं ग्राहकों के लिए शुद्ध एवं शीतल जल का प्रबंधन किया गया। जिसका उद्घाटन उप महाप्रबंधक के वी चंद्रशेखर राव ने किया। साथ में उपस्थित शाखा प्रबंधक एवं अन्य अधिकारिगण।



श्री महादेव हनुमान मंदिर चूड़ी बाज़ार में हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर सुनील साहू, सागर गुरु, पी.पवन कुमार, गोपाल राव, अनिल कुमार, डी.राजेंदर, कमल महाराज और अन्य उपस्थित रहे।



आरामघर चौरस्ता स्थित श्री सर्व मनोकामना पूर्ति हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में हनुमान चालीसा एवं हनुमान अष्टक द्वारा हनुमान जी महाराज की विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस कार्यक्रम में मंदिर के संस्थापक व पुजारी पंडित गणेश जोशी एवं मुख्य यजमान चेतन यादव और दुर्गा यादव उपस्थित रहे।



हनुमान जयंती के अवसर पर दिलशाद प्लाजा के पास हनुमान भक्तों द्वारा स्थापित अन्न प्रसाद, बटर मिल्क, शीतल पेय स्टाल पर उपस्थित रिद्धीश जागीरदार, मुकेश शर्मा, विशाल शर्मा, बंटी पोपट, लक्ष जागीरदार, धारीणी लोडाया, छाया मोता व अन्य।



जायसवाल सेवा समिति हैदराबाद द्वारा दिलशाल प्लाजा के सामने हनुमान जयंती के अवसर पर आयोजित अन्न प्रसाद वितरण कार्यक्रम में उपस्थित राजेश जायसवाल, सोमेश जायसवाल, संजय, सुशील जायसवाल, गोपी सूर्यवंशी आदि।

# मारने वाले से पहले प्रभु बचाने वाले को भेज देते हैं : मुरलीधर महाराज

## श्रीरामकथा के दूसरे दिन राम भक्तों में दिखा गजब उत्साह
## शिव विवाह प्रसंग और हनुमान जन्म के उत्सव में झूमे श्रद्धालु



**हैदराबाद, 23 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** श्री गोपाल गौशाला के सहायतार्थ एग्जीबिशन ग्राउंड में आयोजित 9 दिवसीय श्रीराम कथा के दूसरे दिन भक्तों में गजब उत्साह देखने को मिला। दूसरे दिन रामकथा सुनने के लिए दूरदराज से आए भक्तों ने जब शिव विवाह का रोचक प्रसंग और भगवान हनुमान के जन्म का प्रसंग सुना तो फिर खुद को झूमने से नहीं रोक पाए। द्वितीय दिवस को मुरलीधर जी महाराज ने कथा की शुरुआत प्रभु श्री राम की चौपाई गाकर और श्री राम की वंदना और हनुमान चालीसा के साथ दोपहर 3 बजे की, जो शाम 7 बजे तक निरंतर जारी रही। इस मौके पर मुरलीधर महाराज ने अपनी मधुर वाणी से श्री रामचंद्र जी के जीवन पर प्रकाश डाला, साथ ही शिव विवाह का पूर्ण रूप से वर्णन किया। मुरलीधर जी महाराज ने भगवान शंकर और सती के प्रसंग को बताते हुए कहा कि न भाग्य से ज्यादा किसी को कुछ मिलता और न भाग्य से कम। जब कुछ समझ न आए तो सब कुछ भगवान पर छोड़ देना चाहिए, वो खुद सम्भाल लेंगे। परन्तु हम क्या करते जब कुछ गलत हो जाए तो प्रभु श्रीराम की मर्जी कह कर उन पर डाल देते हैं। हमारे मुंह से यही निकला है कि जो होगा अच्छा होगा या बुरा होगा वो भगवान करेगा। हमको प्रभु को याद करना चाहिये, वो हल अवश्य देंगे। क्योंकि प्रभु को याद करने से सुख पहले आता है और कष्ट बाद में आता है। मारने वाले से पहले प्रभु बचाने वाले को भेज देते हैं। उसी प्रकार प्रभु का बार स्मरण कर के देखो जो मन में पहला तथ्य आए उसे कर डालो।

इस मौके पर बोलते हुए मुरलीधर जी महाराज ने कहा कि तप करने से क्या होता है, तप करने से बल मिलता है। ये जो संसार है ये तप के बल पर ही स्थित है। आज की युवा पीढ़ी को बोल कर देखो कि तप कर लो, तो बोलेंगे कि अभी हमारी उम्र थोड़ी न है तप करने के लिए, जब बूढ़े होंगे तब तप करेंगे, लेकिन तप बूढ़ी उम्र में नही होता, ये हमेशा याद रखना। भगवान का भजन युवावस्था में ही हो सकता है, बुढ़ापे मे भजन नहीं होता। इस मौक पर मुरलीधरजी महाराज ने सुरीले अंदाज में हनुमान जयंती के मौके पर भगवान हनुमान का प्रसंग सुनाया गया।

जिसको सुनकर सब भावविह्वल हो गये। दूसरे दिन की श्रीरामकथा का विश्राम सामूहिक श्री हनुमान जी महाराज की आरती के साथ हुआ।

अग्रवाल समाज तेलंगाना के मानद मंत्री कपूरचंद गुप्ता, एक्जीबिशन सोसाइटी के पूर्व चेयरमैन अनिल मिश्रा, गौवत्स फाउंडेशन के मानद मंत्री बद्री विशाल लोया, श्री गौवत्स फाउंडेशन के मानद मंत्री कैलाश व्यास, कोषाध्यक्ष दिनेश देवड़ा, गौसेवक टिकम चंद का श्रीरामकथा सेवा समिति एवं श्री गोपाल गौशाला की ओर से शॉल द्वारा सम्मान किया गया।

इस मौके पर श्रीरामकथा सेवा समिति के संयोजक तुलसीराम बंसल, श्री गोपाल गौशाला के प्रवंध न्यासी महावीर प्रसाद अग्रवाल, वाइस चेयरमैन सतवीर गर्ग, ज्वाइंट मैनेजिंग ट्रस्टी अर्जुन गोयल, कोषाध्यक्ष बिनोद गर्ग, रामनिरंजन सौंथलिया, वेद प्रकाश अग्रवाल, कैलाश नारायण भांगडिया, आनंद कुमार गुप्ता, संजय कुमार गुप्ता, सुभाष भगेरिया, सतीश कुमार गोयल, जसमत भाई पटेल, किशोर कुमार अग्रवाल, रामकिशन रेतीवाल, हरिनारायण व्यास, राजेन्द्र कुमार केडिया, वेणुगोपाल भट्टड़, रविन्द्र कुमार, राजेन्द्र अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, सुनील सिंघल, कपिल अग्रवाल, परमेश्वरदयाल अग्रवाल, मुकेश कुमार, टीआर गोयल, अर्जुन लाल अग्रवाल, रतनसिंह शेखावत, रमेशचंन्द अग्रवाल, खेमचन्द बांसवाले, सुशील पौद्दार, नरेश कुमार ताजपुरिया, लक्ष्मीनारायण संघी, श्यामसुंदर अग्रवाल, सुनील कुमार कोटवाले, संजय अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, मितेश कुमार अग्रवाल, सुरेश गोयल, ओमप्रकाश सिंघल, वेदप्रकाश अग्रवाल, मनोकामना गोल्ड, धनराज सोनी, रमेश असावा, टीवी पत्रकार मुकेस सैनी उपस्थित रहे।



राजेंद्रनगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा नेता टी. श्रीनिवास रेड्डी द्वारा आयोजित हनुमान जयंती शोभा यात्रा में भाग लेते हुए चेवेल्ला संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे भाजपा उम्मीदवार कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी।

# कांग्रेस सरकार ने सौ दिनों में पांच गारंटी लागू की : रेवंत रेड्डी



**नारायणपेट, 23 अप्रैल (एजेंसियां)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने घोषणा की कि कांग्रेस सरकार ने अपने कार्यकाल के पहले 100 दिनों के भीतर छह में से पांच गारंटियों को सफलतापूर्वक लागू किया है। श्री रेड्डी ने मंगलवार को जिले के मद्दुरु में आयोजित एक पार्टी कार्यकर्ता बैठक को संबोधित करते हुए दस साल के शासन के दौरान वादों को पूरा करने में विफलता के लिए पूर्व भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) सरकार की आलोचना की।

उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर अफसोस जताया कि बीआरएस शासन के दौरान किसानों के लिए माफ की गई ऋण राशि केसीआर प्रशासन के दौरान बैंकों को जमा किए गए ब्याज भुगतान को कवर करने के लिए अपर्याप्त थी।

श्री रेड्डी ने कहा कि उन्होंने 3000 करोड़ रुपए के बजट घाटे के बीच मुख्यमंत्री पद संभाला है। उन्होंने बताया कि वित्तीय चुनौतियों के बावजूद अब वेतन हर महीने की पहली तारीख को दिया जाता है। उन्होंने किसानों से उम्मीद न खोने का आग्रह करते हुए बैंकों से अपील की कि वे किसानों पर ऋण चुकाने के लिए दबाव न डालें। उन्होंने फसल ऋण चुकाने और भविष्य की पैदावार पर 500 रुपए प्रति क्विंटल का बोनस प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता जताई।

श्री रेड्डी ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर जोरदार अभियान चलाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए धर्म का राजनीतिकरण करने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की आलोचना की।

# 5785 करोड़ की संपत्ति के साथ तेदेपा के चंद्र शेखर सबसे अमीर उम्मीदवार


**नई दिल्ली, 23 अप्रैल (एजेंसियां)।** गुंटूर लोकसभा सीट से तेलुगु देशम पार्टी के पी चंद्र शेखर अब तक के सबसे अमीर उम्मीदवार हैं। अपने चुनावी हलफनामे में 5,785 करोड़ रुपये की चल-अचल घोषित करके चंद्र शेखर सुर्खियों में आ गए हैं। चंद्र शेखर ने अपने चुनावी हलफनामे में 5,785 करोड़ रुपए की चल-अचल संपत्ति घोषित की है जो संभावित रूप से उन्हें मौजूदा चुनावी दौड़ में सबसे धनी प्रत्याशियों में से एक बनाती है।



उनके द्वारा दायर हलफनामे के अनुसार, उनकी व्यक्तिगत संपत्ति 2,448.72 करोड़ रुपए जबकि उनकी पत्नी श्रीरत्ना कोनेरू के पास 2,343.78 करोड़ रुपए और बच्चों के पास लगभग 1,000 करोड़ रुपये की संपत्ति है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ 19 अप्रैल को हुए लोकसभा चुनाव के पहले चरण में लगभग 717 करोड़ रुपए की संपत्ति के साथ सबसे अमीर उम्मीदवारों की सूची में शीर्ष पर हैं। चंद्र शेखर के परिवार पर ऋण सुविधा के रूप में अमेरिका के जेपी मॉर्गन चेस बैंक की 1,138 करोड़ रुपए की देनदारी है। आंध्र प्रदेश के बुर्रिपालेम गांव से लेकर जॉन्स हॉपकिंस विश्वविद्यालय- सिनाई अस्पताल में चिकित्सक शिक्षक के रूप में काम करने से लेकर यूवर्ल्ड (ऑनलाइन शिक्षण और अध्ययन संसाधन मंच) की स्थापना तक, चंद्र शेखर का सफर काफी रोमांचक रहा है। डॉक्टर-उद्यमी-नेता चंद्र शेखर ने 1999 में एनटीआर यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज विजयवाड़ा से एमबीबीएस किया और 2005 में डेनविले, पेंसिल्वेनिया में गेइज़िंगर मेडिकल सेंटर से एमडी (आंतरिक चिकित्सा) की उपाधि ली। उन्होंने राज्य में ईएएमसीईटी मेडिकल प्रवेश परीक्षा (एमबीबीएस) देने वाले 60,000 छात्रों के बीच 27वीं रैंक हासिल की, जिसे देश में सबसे अधिक प्रतिस्पर्धी परीक्षा माना जाता था।सार्वजनिक सेवा में रुचि रखने वाले चंद्र शेखर, पार्टी के कई कल्याणकारी कार्यक्रमों का समर्थन करने के लिए 2010 से तेदेपा की एनआरआई विंग की ओर से काम कर रहे हैं। हालांकि वह 2014 में नरसरावपेट क्षेत्र से लोकसभा चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन तेदेपा ने राजनीतिक मुद्दों के कारण आर संबाशिव राव को टिकट आवंटित कर दिया। अपनी पत्नी के साथ एक संयुक्त रूप से जमा दस्तावेज में उन्होंने अमेरिका में अमेरिकी कर चक्र वर्ष जनवरी 2022 से दिसंबर 2022 के बीच 605.57 करोड़ रुपए की घोषणा की। उन्होंने अमेरिका स्थित कई कंपनियों में निवेश किया है और उनके पास इनके शेयर हैं। उनके पास अमेरिका में रोल्स रॉयस घोस्ट, मर्सिडीज बेंज और टेस्ला जैसी लग्जरी कारें भी हैं। चुनाव में चंद्र शेखर का मुकाबला वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के के वेंकट रोसैया से होगा।

# स्प्रिंग समर फैशन स्पेशल हाईलाइफ प्रदर्शनी कल से

**हैदराबाद, 23 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** फैशन तथा लाइफस्टाइल एक्जीबिशन हाईलाइफ का आयोजन 25 से 27 अप्रैल, 2024 तक एचआईसीसी नोवोटेल में किया जाएगा।स्प्रिंग एंड समर फैशन स्पेशल तीन दिवसीय हाईलाइफ प्रदर्शनी में लक्जरी फैशन तथा लाइफस्टाइल से जुड़े वैभवपूर्ण व विशिष्ट उत्पादों को प्रस्तुत किया जाएगा।



एचआईसीसी नोवोटेल में आयोजित होने वाली स्प्रिंग एंड समर फैशन स्पेशल हाईलाइफ एक्जीबिशन में स्थानीय सहित देशभर से 350 से अधिक डिजाइनर भाग लेकर विविध प्रकार के फैशन तथा जीवनशैली पर आधारित उत्पादों को प्रदर्शित करेंगे। इनमें फैशन वियर, ब्राइडल वियर, लाइफस्टाइल वियर, डिजाइनर तथा फ्यूजन वियर, एसेसरीज, ज्वेलरी, होम डेकोर तथा आने वाले त्योहारों व मौसम के अनुकूल उत्पादों सहित अन्य विविध प्रकार की आकर्षक वस्तुओं का वृहद संग्रह शामिल होगा ।

# मुख्य सचिव ने की उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की यात्रा की तैयारी की समीक्षा

**हैदराबाद, 23 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना की मुख्य सचिव शांति कुमारी ने अधिकारियों को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की 26 अप्रैल को राज्य की यात्रा के मद्देनजर सुरक्षा -व्यवस्था सुनिश्चित करने के मंगलवार को निर्देश दिए। एक आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्य सचिव ने गणमान्य व्यक्ति की यात्रा की व्यवस्था की प्रगति का आकलन करने के लिए आज अधिकारियों के साथ एक समन्वय बैठक बुलाई।



उन्होंने विशेष रूप से पुलिस विभाग को व्यापक सुरक्षा व्यवस्था करने और ब्लू बुक में उल्लिखित यातायात और भीड़ नियंत्रण उपायों का पालन करने का निर्देश दिया।

इसके अतिरिक्त, स्वास्थ्य विभाग को पुलिस और प्रोटोकॉल विभाग के सहयोग से चिकित्सा सहायता प्रदान करने और सभी स्थानों पर पर्याप्त चिकित्सा कर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का काम सौंपा गया है।सड़क और भवन (आर एंड बी) विभाग को उपराष्ट्रपति द्वारा उपयोग के लिए नामित सड़कों पर आवश्यक मरम्मत करने के निर्देश प्राप्त हुए।

इसी प्रकार, ऊर्जा विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया। जबकि अग्निशमन सेवा विभाग से पर्याप्त अग्निशमन सुविधाएं स्थापित करने का आग्रह किया गया है।

# श्री जैन यूथ क्लब ने भगवान महावीर जन्म कल्याणक के तहत निकाली प्रभातफेरी

**हैदराबाद, 23 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** श्री जैन यूथ क्लब द्वारा भगवान महावीर जन्म कल्याणक के तहत धूमधाम से प्रभात फेरी निकली गई। अरिहंत बोहरा ने बताया की कार्तिक एन्क्लेव डायमंड पॉइंट से प्रभात फेरी आरंभ हुई। इसमें सैकड़ों लोगो ने भाग लेते हुए भगवान महावीर का जयकारा लगाया गया। प्रभात फेरी में सिकंदराबाद भाजपा नेता इटला राजेंद्र, सिकंदराबाद पार्षद के दीपिका, विजय सुराणा, भानुका मल्लिकार्जुन और अन्य नेता का क्लब द्वारा स्वागत किया गया। मार्ग में प्रभात फेरी का स्वागत मंगलचंद, दिनेश, संजय, कमल कटारिया परिवार, राकेश प्रतीक तालेसरा परिवार, बम्बोली परिवार, ताड़बंड, नेमिश्री ज्वेलर्स, श्री नाकोड़ा ज्वेलर्स, आरपी रोड, सिकंदराबाद, फायर एंड फ़टी इक्विपमेंट, जीरा, सिकंदराबाद द्वारा किया गया एवं क्लब द्वारा जल छाछ वितरण किया गया। प्रभात फेरी डायमंड पॉइंट, तड़बंद, पॉट मार्केट होते हैं एक्जीबिशन ग्राउंड पहुंची। पॉट मार्केट से ज्वेलर्स एसोसिएशन एवं श्री जैन युवा मंडल के अभिषेक अलीजर, श्रेयांश तातेड़, नमन बोहरा, नमन रंका एवं उनकी टीम ने अपना सहयोग प्रदान किया और प्रभात फेरी की शोभा बढ़ाई। पॉट मार्केट द्वारा जैन यूथ क्लब का स्वागत भी किया गया। प्रभात फेरी में क्लब के अरिहंत नबरिया, प्रतीक बम्बोली, आदर्श कटारिया, अरिहंत बोहरा, अनमोल कटारिया, प्रतीक लोढ़ा, संकेत समदारिया, आकाश ख़िवसारा, रौनक दफ्तरी , ऋषभ जैन, शुभम सोनी, अभिषेक बोहरा, अमित पोकरणा, लोकेश लुनावत, खुशाल जैन, उज्जवल जैन, सिद्धार्थ बम्बोली, शुभम् बम्बोली, श्रेयंस बम्बोली, चयन नाहटा, आशीष छज्जेद, आशीष मखाना आदि शामिल रहे।




# आंध्र प्रदेश के इंटेलिजेंस चीफ और विजयवाड़ा पुलिस आयुक्त का तत्काल तबादला

## चुनाव आयोग ने दिए आदेश

**अमरावती, 23 अप्रैल (एजेंसियां)।** चुनाव आयोग द्वारा आंध्र प्रदेश के दो वरिष्ठ अधिकारियों के तत्काल तबादले को लेकर आदेश जारी किया गया है। इसके अनुसार आंध्र प्रदेश के इंटेलिजेंस प्रमुख पी सीतारमनजनेयुलु और विजयवाड़ा के पुलिस आयुक्त कांथी राणा टाटा का तत्काल प्रभाव से तबादला किया गया है।




इस बारे में चुनाव आयोग ने आदेश भी जारी किया है, जिसमें दोनों अधिकारियों के तबादले की बात कही गई है। उधर आंध्र प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मुकेश कुमार मीना का कहना है कि आयोग ने दोनों वरिष्ठ अधिकारियों का तबादला कर दिया है। चुनाव आयोग ने आगे कहा है कि तबादला होने के बाद इन अधिकारियों को किसी भी चुनावी ड्यूटी में तब तक न लगाया जाए, जब तक कि दक्षिण भारत में लोकसभा और विधानसभा चुनाव संपन्न नहीं हो जाते।

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी के काफिले पर पथराव के बाद चुनाव आयोग ने इंटेलिजेंस चीफ पी सीतारमनजनेयुलु और विजयवाड़ा के पुलिस कमिश्नर कांथी राणा टाटा का तबादला किया गया है।

इसके साथ चुनाव आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव को बुधवार दोपहर तीन बजे तक दोनों पदों के लिए तीन आईपीएस अधिकारियों का एक पैनल भेजने का निर्देश दिया है।

# मोदी को गैर-राजनीतिक हस्तियों एवं महिलाओं का समर्थन बढ़ा : किशन रेड्डी

**हैदराबाद, 23 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**



केंद्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष जी किशन रेड्डी ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समर्थन में गैर-राजनीतिक हस्तियों और महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पर प्रकाश डाला। श्री रेड्डी ने अपने सिकंदराबाद संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत सनथनगर में आयोजित एक चुनाव अभियान के दौरान सभी मतदान केन्दों के अध्यक्षों और समन्वयकों को शामिल करके मतदान केंद्र नेटवर्क को मजबूत करने के महत्व पर जोर दिया। इसके अलावा, उन्होंने मतदाताओं तक पहुंचने के लिए घर-घर जाकर प्रचार अभियान की वकालत की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से 85 वर्ष से अधिक उम्र के पात्र बुजुर्ग मतदाताओं के नामों की सूचियां तैयार करने का आग्रह किया।किशन रेड्डी ने श्री मोदी के निर्देश के अनुसार, प्रभाग अध्यक्षों, सचिवों और मतदान केंद्र अध्यक्षों को सहयोग करने और तत्काल कार्रवाई शुरू करने का निर्देश दिया। इसके अलावा, उन्होंने घर-घर अभियान के महत्व पर जोर देते हुए पंद्रह दिन के भीतर कम से कम तीन बार घर-घर जाने का सुझाव दिया। उन्होंने फिर एक बार मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार जैसे नारों के प्रचार को प्रोत्साहित करते हुए प्रमुख मतदाताओं, सामुदायिक नेताओं को शामिल करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# केंद्र में सरकार बनाने के लिए बीआरएस जैसी पार्टियां होंगी किंग मेकर : केटीआर

## इंडिया गठबंधन 100-150 से ज्यादा सीटें नहीं जीतेगा



**हैदराबाद, 23 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने मंगलवार को कहा कि किसी भी गठबंधन को केंद्र में सरकार बनाने के लिए बीआरएस जैसी पार्टियों का समर्थन लेना होगा और यह भी दावा किया कि कांग्रेस के नेतृत्व वाला इंडिया ब्लॉक 100-150 से ज्यादा सीटें नहीं जीतेगा। कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन को 100-150 से अधिक सीटें नहीं मिलेंगी और किसी भी गठबंधन को केंद्र में सरकार बनाने के लिए बीआरएस जैसी पार्टियों का समर्थन लेना होगा।

केटीआर ने यह दावा राजेंद्रनगर में चेवेल्ला लोकसभा क्षेत्र के बीआरएस प्रत्याशी कासनी ज्ञानेश्वर के लिए एक रोड शो को संबोधित करते हुए किया।

केटीआर ने कहा कि पहली बार पिछड़े वर्ग का कोई उम्मीदवार चेवेल्ला में मैदान में है, कासनी ज्ञानेश्वर एक मजबूत नेता हैं जिन्होंने कमजोर वर्गों को एकजुट किया है। उन्होंने तेलंगाना के लोगों से बीआरएस उम्मीदवारों को चुनने की अपील की ताकि पार्टी केंद्र में अपनी भूमिका निभा सके। उन्होंने दावा करते हुए कहा, अगर बीआरएस 8 से 10 सीटें जीतती है, तो केंद्र सरकार हमारी बात मानेगी। उन्होंने दावा किया कि अकेले बीआरएस ही तेलंगाना के हितों की रक्षा कर सकती है।

केटीआर ने बीआरएस छोड़ने के लिए कांग्रेस उम्मीदवार रंजीत रेड्डी की भी आलोचना करते हुए कहा कि लोग उन हाथों को काटते हैं जिन्होंने उन्हें खाना खिलाया। 2019 का चुनाव जीतने वाले रंजीत रेड्डी बीआरएस द्वारा कासनी ज्ञानेश्वर को मैदान में उतारने के फैसले के बाद कांग्रेस में शामिल हो गए थे। उन्होंने लोगों से उन दलबदलुओं को सबक सिखाने का आग्रह किया, जिन्होंने कठिन समय का सामना करते समय पार्टी छोड़ दी थी।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी झूठे वादे करके राज्य की सत्ता में आई है। उन्होंने लोगों से अपने वादों को पूरा करने में विफल रहने के लिए सत्तारूढ़ दल से सवाल करने का आग्रह किया। वह जानना चाहते थे कि सत्ता में आते ही किसानों का कर्ज माफ करने के कांग्रेस के वादे का क्या हुआ।

बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी एक बार फिर लोगों को धोखा देने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने पिछले 10 वर्षों के दौरान केसीआर के नेतृत्व वाली बीआरएस सरकार द्वारा लागू की गई कई कल्याणकारी योजनाओं को याद किया।

# खम्मम लोकसभा टिकट को लेकर कांग्रेस अभी भी असमंजस में

## नामांकन दाखिल करने में सिर्फ दो दिन बचे शेष

**हैदराबाद, 23 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**



तेलंगाना में लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने में सिर्फ दो दिन बचे हैं, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने अभी तक खम्मम सीट के लिए अपने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। तीन मंत्रियों के परिवार के सदस्यों और कुछ अन्य लोगों के टिकट के इच्छुक होने के कारण, पार्टी नेतृत्व को एक उम्मीदवार चुनना मुश्किल हो रहा है। मामला बेंगलुरु तक पहुंच गया हैं। तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्का और राजस्व मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने कथित तौर पर सोमवार को कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार से मुलाकात की। बाद में दोनों मंत्रियों ने एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ भी अलग-अलग बैठकें कीं, जो बेंगलुरु में थे। पार्टी सूत्रों ने कहा कि खड़गे ही अंतिम फैसला लेंगे। भट्टी विक्रमार्क की पत्नी नंदिनी और श्रीनिवास रेड्डी के भाई प्रसाद रेड्डी टिकट के प्रबल दावेदार हैं। कृषि मंत्री तुम्मला नागेश्वर राव अपने बेटे युगांधर के लिए टिकट चाहते हैं। हालांकि, मंत्री ने यह स्पष्ट कर दिया कि वह पार्टी आलाकमान के फैसले का पालन करेंगे। जबकि श्रीनिवास रेड्डी और नागेश्वर राव दोनों नवंबर 2023 में हुए विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए थे, विक्रमार्क एक वरिष्ठ नेता हैं, जो वर्षों से कांग्रेस पार्टी के प्रति वफादार रहे हैं। चूंकि विक्रमार्क के भाई मल्लू रवि नगरकुर्नूल से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं, इसलिए पार्टी नेताओं का एक वर्ग उनके परिवार के किसी अन्य सदस्य को टिकट देने का विरोध कर रहा है। वारंगल के पूर्व सांसद आर सुरेंद्र रेड्डी के बेटे आर रघुरामी रेड्डी भी दौड़ में हैं। कांग्रेस हलकों में ऐसी अटकलें हैं कि पार्टी पूर्व मंत्री मंडावा वेंकटेश्वर राव को भी मैदान में उतार सकती है, जो निज़ामाबाद जिले से आते हैं।

चूंकि खम्मम में पार्टी के अधिकांश नेता स्थानीय उम्मीदवार को मैदान में उतारने के लिए दबाव डाल रहे हैं, इसलिए नेतृत्व नंदिनी या प्रसाद रेड्डी को टिकट आवंटित करने की संभावना है।

चूंकि खम्मम कांग्रेस पार्टी का गढ़ है, इसलिए टिकट के लिए कई दावेदार हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री रेणुका चौधरी भी एक दावेदार थीं लेकिन उन्हें हाल ही में राज्यसभा के लिए नामांकित किया गया था। कांग्रेस पार्टी के राज्य नेतृत्व ने हाईकमान से पूर्व पार्टी प्रमुख सोनिया गांधी या वरिष्ठ नेता प्रियंका गांधी को खम्मम से मैदान में उतारने का अनुरोध किया था, लेकिन हाईकमान ने इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया। उम्मीदवार की घोषणा में देरी से पार्टी कार्यकर्ताओं में भ्रम की स्थिति पैदा हो गई है और पार्टी की चुनाव तैयारियों पर असर पड़ा है, जबकि भाजपा और बीआरएस दोनों ही प्रचार में आगे हैं। हालांकि कांग्रेस नेतृत्व ने आधिकारिक तौर पर तीन लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है, पार्टी नेतृत्व की मंजूरी के बाद वेलिचेला राजेंद्र राव ने सोमवार को करीमनगर लोकसभा सीट के लिए अपना नामांकन दाखिल किया।कांग्रेस ने भी हैदराबाद लोकसभा सीट के लिए अपने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है।

हालांकि हैदराबाद जिला कांग्रेस कमेटी के प्रमुख समीर वलीउल्लाह कथित तौर पर अपना नामांकन दाखिल करने की तैयारी कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी पहले ही 14 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। विधानसभा चुनावों में अपनी जीत से उत्साहित पार्टी अधिकतम लोकसभा सीटें जीतने को लेकर आश्वस्त है। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को तीन सीटें मिली थीं। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी विश्वास जता रहे हैं कि कांग्रेस 12 सीटें जीतेगी।

## पीएम मोदी के संपत्ति बांटने वाले बयान पर भड़के अकबरुद्दीन ओवैसी

# हम घुसपैठिए नहीं, इस मुल्क के बाशिंदे हैं

**हैदराबाद, 23 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**



ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के चीफ असदुद्दीन ओवैसी के भाई अकबरुद्दीन ओवैसी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोगों की संपत्ति लेकर घुसपैठियों को बांट देने के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि हम इस मुल्क के घुसपैठिए नहीं, मुल्क के बाशिंदे हैं। अकबरुद्दीन ओवैसी ने कहा, पीएम मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि वो मुसलमान को बच्चा पैदा करने वाला कहते हैं। यह मुल्क हमारा था, हमारा है और हमारा रहेगा। हमें निकालने वाला कोई पैदा नहीं हुआ है। पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी इंडिया शाइनिंग की बात करते हैं। उन्होंने आगे कहा, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के परिवार में सात बच्चे हैं। गृह मंत्री अमित शाह के परिवार में भी सात बच्चे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परिवार में छह बच्चे हैं। हम वे लोग हैं जिन्होंने इस देश को ताजमहल, कुतुब मीनार, लाल किला, जामा मस्जिद और चार मीनार दिए हैं। हमने इस देश को सजाया है। हम घुसपैठिए नहीं हैं। हम इस राष्ट्र के हैं। यह देश हमारा है और हमारा ही रहेगा। बताते चलें कि पीएम मोदी ने रविवार को कहा था कि अगर कांग्रेस सत्ता में आती है तो वह लोगों की संपत्ति लेकर मुसलमानों को बांट देगी। पीएम मोदी ने ये बात पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के एक बयान का हवाला देते हुए कही थी, जिसमें उन्होंने कथित तौर पर कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यक समुदाय का है।

पीएम मोदी ने राजस्थान के बांसवाड़ा में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा था कि ये अर्बन नक्सल वाली सोच मेरी माताओ- बहनों ये आपका मंगलसूत्र भी बचने नहीं देंगे। इस हद तक चले जाएंगे। उन्होंने दावा करते हुए कहा था कि ये कांग्रेस का घोषणापत्र कह रहा है कि वे माताओं बहनों के सोने का हिसाब करेंगे, उसकी जानकारी लेंगे और फिर उस संपत्ति को बांट देंगे। उनको बांटेंगे जिनके बारे में मनमोहन सिंह की सरकार ने कहा था कि संपत्ति पर पहला अधिकार मुसलमानों का है। उन्होंने कहा था, पहले जब उनकी सरकार थी, उन्होंने कहा था की देश की संपत्ति पर पहला अधिकार मुसलमानों का है। इसका मतलब ये संपत्ति इकट्ठी करके किसको बांटेंगे?.. जिनके ज्यादा बच्चे हैं उनको बांटेंगे।

# तेलंगाना में गरज-चमक के साथ तूफान का अनुमान



**हैदराबाद, 23 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

तेलंगाना के आदिलाबाद, कोमाराम भीम आसिफाबाद, मंचेरियल, निर्मल, निज़ामाबाद, जगतियाल, विकाराबाद, संगारेड्डी और कामारेड्डी जिलों में अलग-अलग स्थानों पर अगले 24 घंटों के दौरान बिजली चमकने और 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज़ हवाएं चलने का अनुमान है।मौसम विभाग ने मंगलवार को एक दैनिक मौसम रिपोर्ट में यह जानकारी दी। उसने बताया कि बुधवार को राज्य के आदिलाबाद, कोमाराम भीम आसिफाबाद, मंचेरियल, निर्मल और निज़ामाबाद जिलों में अलग-अलग स्थानों पर बिजली चमकने और 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान है। इस दिन तेलंगाना के भद्राद्रि कोठागुडेम, खम्मम, नलगोंडा, महबूबनगर, नागरकुर्नूल, वानापर्थी, नारायणपेट और जोगुलम्बा गडवाल जिलों में अलग-अलग स्थानों पर लू की स्थिति बने रहने का अनुमान है।

अगले 48 घंटों में और 27 से 29 अप्रैल तक राज्य में अलग-अलग स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने या गरज के साथ छींटें पड़ने का अनुमान है।गुरुवार को तेलंगाना के भद्राद्रि कोठागुडेम, खम्मम, नलगोंडा, सूर्यापेट, महबुबाबाद, वारंगल, हनमकोंडा, नागरकुर्नूल, वानापर्थी, नारायणपेट और जोगुलम्बा गडवाल जिलों में गुरुवार को अलग-अलग इलाकों में लू की स्थिति बने रहने का अनुमान है। इसके अगले दिन शुक्रवार को राज्य के पेद्दापल्ली, जयशंकर भूपालपल्ली, मुलुगु, भद्राद्रि कोठागुडेम, खम्मम, नलगोंडा, सूर्यापेट, महबूबाबाद, वारंगल, हनमकोंडा, महबूबनगर, नागरकर्नूल, वानापर्थी, नारायणपेट और जोगुलम्बा गडवाल जिलों में भी यही स्थिति बने रहने का अनुमान है।तेलंगाना के भद्राद्रि कोठागुडेम, खम्मम, नलगोंडा, सूर्यापेट, जयशंकर भूपालपल्ली, मुलुगु, महबूबाबाद, महबूबनगर, नगरकुर्नूल, वानापर्थी, नारायणपेट और जोगुलम्बा गडवाल जिलों में अलग-अलग इलाकों में शनिवार को लू की स्थिति बने रहने के आसार हैं। राज्य में 25 और 26 अप्रैल को मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, पिछले 24 घंटों में तेलंगाना के आदिलाबाद जिले में अलग-अलग स्थानों पर ओलावृष्टि हुई। इसी अवधि के दौरान राज्य में एक-दो स्थानों पर बारिश भी हुई। रिपोर्ट के अनुसार सोमवार को सबसे अधिक तापमान आदिलाबाद में 42.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.